कोटद्वार, शनिवार
30 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 117 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## बसुकेदार क्षेत्र में फटा बादल, भारी नुकसान



### अभी नहीं मिलेगी राहत, अगले चार दिन भारी बारिश के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में आसमान से आफत बरसने का सिलसिला थम नहीं रहा है। ज्यादातर क्षेत्रों में अतिवृष्टि से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहाड़ों में जगह–जगह आपदा का प्रकोप है। भारी बारिश का क्रम अगले कुछ दिन बना रह सकता है।प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में आज भी भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट दिया गया है। साथ ही अन्य जिलों में आकाशीय बिजली चमकने और वर्षा के तीव्र दौर होने की आशंका है। शुक्रवार को तड़के से ही देहरादून समेत कई क्षेत्रों में जोरदार वर्षा का क्रम जारी रहा।

हालांकि, दिन में धूप और बादलों की आंख–मिचौनी चलती रही, लेकिन कई स्थानों पर बौछारों का सिलसिला चलता रहा। इस बीच पर्वतीय क्षेत्रों में भी कुदरत का कहर बरस रहा है। ज्यादातर पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के अत्यंत तीव्र दौर हो रहे हैं। कई स्थानों पर बादल फटने जैसी स्थिति है। वहीं, निचले इलाकों में भी नदी–नालों का जल स्तर अत्यधिक बढ़ने से बाढ़ की स्थिति बन गई है। ऐसे में पहाड़ से मैदान तक प्रशासन की ओर से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी देहरादून, उत्तरकाशी व बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा व गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की आशंका है। इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और पौड़ी में कहीं–कहीं भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट है। शेष जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने व वर्षा के तीव्र दौर होने के आसार हैं। आगामी मंगलवार दो सितंबर तक भारी वर्षा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग के तहसील बसुकेदार अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक क्षेत्र में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन के अनुसार स्यूर में एक मकान क्षतिग्रस्त होने एवं वाहन (बोलेरो) बहने, बड़ेथ, बगडधार, तालजामनी गांव के दोनों ओर गदेरे में पानी और मलबा आने, किमाणा में खेती की भूमि एवं सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर व मलबा आने, अरखुण्ड में मछली तालाब एवं मुर्गी फार्म बहने, छेनागाड़ (बाजार क्षेत्र) बाजार में मलबा भरने एवं वाहनों के बहने, छेनागाड़ डुगर गांव में कुछ लोगों के गुमशुदा होने, जौला बड़ेथ में कुछ लोगों के गुमशुदा होने की संभावना है।

जनपद रुद्रप्रयाग के तहसील बसुकेदार अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक क्षेत्र में बादल फटने की घटना के चलते मलबा आने से कुछ क्षेत्रों में नुकसान की सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन आपदा कंट्रोल रूम से लगातार अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं तथा प्रभावित क्षेत्रों में जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी जिलास्तरीय अधिकारी जिला आपदा कंट्रोल रूम में परस्पर समन्वय के साथ लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में टीम रास्ता खोलने के लिए जुटी हुई हैं। प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों को चिन्हित कर राहत एवं बचाव दल भेजे जा रहे हैं। जिला स्तर से विभिन्न अधिकारियों को संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं अन्य कार्मिकों के साथ प्रभावित ग्रामों में तत्काल कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है। जिला प्रशासन प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। राहत व बचाव कार्यों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं।

## बीसीसीआई में बड़ा फेरबदल, अध्यक्ष रोजर बिन्नी देंगे इस्तीफा!

### –राजीव शुक्ला को मिली अंतरिम कमान



नई दिल्ली , भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में जल्द ही एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। संविधान में तय 70 साल की आयु सीमा के नियम के कारण यह बदलाव होना तय माना जा रहा है। इस बीच, बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बना दिया गया है और उन्होंने कामकाज संभाल भी लिया है। संविधान के अनुसार, कोई भी पदाधिकारी 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद अपने पद पर नहीं रह सकता। रोजर बिन्नी अब 70 साल के हो चुके हैं, जिसके चलते वह अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए अयोग्य हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि राजीव शुक्ला अगले कुछ महीनों तक या नए अध्यक्ष के चुनाव तक इस जिम्मेदारी को संभालेंगे। शुक्ला साल 2020 से उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजीव शुक्ला की अध्यक्षता में 27 अगस्त को अधिकारियों की एक बैठक भी हुई। इस बैठक में11 के हटने के बाद टीम इंडिया के नए टाइटल स्पॉन्सरशिप को लेकर चर्चा की गई, जो इस बात का संकेत है कि बोर्ड में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रोजर बिन्नी को साल 2022 में पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह का 36वां अध्यक्ष बनाया गया था। सौरव गांगुली 2019 से 2022 तक इस पद पर रहे थे। बिन्नी की कमान संभालने वाले तीसरे पूर्व क्रिकेटर हैं। दिलचस्प बात यह है कि नया राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून लागू होने की प्रक्रिया में होने के बावजूद, अगले महीने यानी सितंबर में अपनी वार्षिक आम बैठक और चुनाव आयोजित करेगा। खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक नया कानून औपचारिक रूप से लागू नहीं हो जाता, तब तक सभी चुनाव मौजूदा संविधान (लोढ़ा समिति की सिफारिशों पर आधारित) के तहत ही होंगे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में पीएसी जवान की मौत

रुड़की। हाईवे पर गुरुवार की देर शाम दो बाइक आपस में टकरा गई। दुर्घटना में पीएसी जवान की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर गुरुवार की देर शाम नारसन खुर्द गांव के सामने दो बाइक आपस में टकरा गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। नारसन पुलिस चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि घायलों को 108 के माध्यम से सरकारी हॉस्पिटल रुड़की भिजवा दिया गया। एक बाइक पर नारसन खुर्द निवासी महेश पुत्र चंद्रपाल सवार थे जो घायल हैं। उसका उपचार चल रहा है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार विनय पुत्र जोध सिंह निवासी हरचंदपुर को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक आरक्षी 40 वीं वाहिनी पीएसी में तैनात था। आजकल घर छुट्टी पर आया हुआ था। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में अभीतक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे की वजह का भी पता लगाया जा रहा है।

### मां नंदा देवी मेले की सुरक्षा के लिए पुलिस ने कसी कमर

अल्मोड़ा। ऐतिहासिक मां नंदा देवी मेले के शांतिपूर्ण और सुरक्षित संचालन के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने मेला प्रभारी सतीश चन्द्र कापड़ी और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि मेले के दौरान आम जनता को यातायात, कानून–व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को अनुशासित रहते हुए अलर्ट ड्यूटी करने के आदेश दिए गए हैं। अराजक और शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। महिला, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से सतत निगरानी रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन ने पर्याप्त संख्या में बल की तैनाती कर दी है ताकि तीन सितंबर तक चलने वाला यह मेला सकुशल संपन्न हो सके।

### डाक्टरों ने दुर्गम स्थानों पर मांगा 50 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता

देहरादून। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सचिव स्वास्थ्य डा. आर राजेश कुमार से मुलाकात की। अति दुर्गम स्थानों पर तैनात डॉक्टरों को 50 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की मांग की। इसके साथ ही 196 डॉक्टरों को स्पेशल ड्यूटी अलाउंस फॉर क्रिटिकल पोजीशन (एसडीएसीपी) का लाभ देने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। सचिव स्वास्थ्य से मुलाकात में अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में कार्यरत डॉक्टरों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में 50 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता का लाभ दिया जाए। सुगम और दुर्गम क्षेत्रों का उचित निर्धारण किया जाए। चिकित्सकों की पदोन्नति के लिए नियमित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं। अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा को स्थायी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाए। कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का हेल्थ सिस्टम अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सकों को विशेष सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उनकी सुरक्षा और पदोन्नति संबंधी मुद्दों का समाधान किया जाए।

### दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत

रुड़की। झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग पर साबतवाली गांव के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक सवार को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक रामनाथ के शव का पंचनामा कर रुड़की सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### भारत–जापान इकोनॉमिक फोरम में बोले पीएम मोदी

## आज का इंडिया तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा



टोक्यो/नई दिल्ली , प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय जापान के दौरे पर हैं। जापान के टोक्यो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने जापान की यात्रा के पहले दिन जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ भारत–जापान आर्थिक मंच में भाग लिया। दरअसल, पीएम मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले 11 सालों में भारत में कई बदलाव हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत में निवेश के लिए ये समय सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा कि भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। हम न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर को खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जापान हर क्षेत्र में एक बेहतर साझेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का नया भारत एक तरीके से टैलेंट का पावर हाउस बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने टोक्यो में इंडिया–जापान इकोनॉमिक फोरम में कहा, 'आज भारत में राजनीतिक स्थिरता है, आर्थिक स्थिरता है, नीतियों में पारदर्शिता है और फैसलों में पूर्वानुमान की क्षमता है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। टोक्यो में भारत–जापान इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की विकास यात्रा में जापान हमेशा एक अहम पार्टनर रहा है। मेट्रो से मैन्युफैक्चरिंग तक, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक हमारी पार्टनरशिप आपसी विश्वास का प्रतीक बनी है और जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

### अलकनंदा और मंदाकिनी नदी रौद्र रूप में, श्रीनगर और रूद्रप्रयाग में हाई अलर्ट जारी

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड के पहाड़ों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां अपने रौद्र रूप में हैं, जिसके चलते श्रीनगर और रुद्रप्रयाग में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। धारी देवी मंदिर पर संकट के बादल श्रीनगर के पवित्र धारी देवी मंदिर के चरणों तक अलकनंदा नदी का पानी पहुंच गया है। मंदिर की पार्किंग पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है, जिसके कारण स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें समेट ली हैं। श्रीनगर पुलिस ने आम जनता से नदी किनारे न जाने की अपील की है। श्रीनगर के अल्केश्वर घाट पर अलकनंदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। नदी का उफान इतना तेज है कि आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस का कहना है कि लगातार बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। रुद्रप्रयाग पुलिस और प्रशासन आम जनता से नदी किनारों से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं। (एजेंसी)

## मानसून सीजन तक शासन और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे : धामी

### मुख्यमंत्री ने दिये राहत एवं बचाव कार्यों को त्वरित गति से संचालित करने के निर्देश



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे मानसून सीजन तक शासन और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे। जिलाधिकारियों द्वारा आपदा राहत कार्यों के लिए जो भी आवश्यक संसाधन और सुविधाएं अपेक्षित हों, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रभावित परिवारों को निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा शीघ्र उपलब्ध हो। जनपद रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और बागेश्र के कुछ क्षेत्रों में बादल फटने की सूचना प्राप्त होते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर राहत एवं बचाव कार्यों को त्वरित गति से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और किसी भी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री श्री धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित आपदा प्रबंधन की उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। सड़क, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उन्हें तत्काल सुचारू किया जाए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से रुद्रप्रयाग, चमोली और टिहरी और बागेश्वर के जिलाधिकारियों से बादल फटने की घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा राहत एवं बचाव कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नैनीताल से भी मुख्यमंत्री ने बारिश और सड़कों की स्थिति की जानकारी ली।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख सचिव शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी. अंशुमान, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते उपस्थित रहे।

## दिल्ली एनसीआर में झमाझम बारिश : यमुना का जलस्तर फिर बढ़ा, खेतों और घरों में घुसा पानी



नोएडा ,दिल्ली–एनसीआर में झमाझम बारिश ने एक ओर जहां उमस से राहत दी है वहीं जल भराव जैसी स्थिति से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगा है। लगातार हो रही बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की वजह से नदी का पानी तटवर्ती क्षेत्रों में फैलने लगा है। हालात ऐसे हैं कि खेतों और फार्म हाउसों में पानी भर गया है और लोगों को मजबूरी में अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ रहा है।

कई परिवार अब सड़कों पर टेंट और अस्थाई झुग्गियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। यह दूसरी बार है जब इस महीने यमुना का जलस्तर बढ़ा है। इससे पहले भी भारी बारिश और बैराज से छोड़े गए पानी के चलते नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर चला गया था। स्थानीय प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है और तटवर्ती गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले एक हफ्ते तक रुक–रुक कर बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी बुलेटिन में 29 अगस्त से 3 सितंबर तक लगातार बारिश या गरज–चमक के साथ बौछारों का अनुमान जताया गया है। 29 और 30 अगस्त को गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान था, वहीं 31 अगस्त और 1 सितंबर को मध्यम बारिश के आसार हैं। इसके बाद 2 और 3 सितंबर तक गरज–चमक के साथ बारिश की आशंका जताई गई है। लगातार बारिश और पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। किसानों की फसलें डूबने लगी हैं और पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ रहा है।

सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनके घर नदी किनारे बने हैं। रात–दिन हो रही बारिश और बढ़ते जलस्तर से लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से राहत शिविर लगाए गए हैं, लेकिन बढ़ते पानी और लगातार बारिश की वजह से दिक्कतें खत्म होने के बजाय और बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

### यूपी के अमरोहा में गंगा में डूबे एक ही परिवार के तीन सगे भाई

अमरोहा , । उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गजरौला थाना क्षेत्र स्थित तिगरी गंगा धाम में एक मुंडन संस्कार के दौरान नहाते समय एक ही परिवार के तीन सगे भाई गंगा में डूब गए।

घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि प्रशासन ने रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन अभी तक तीनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यह हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी मजदूर रामपाल के परिवार के साथ हुआ। रामपाल अपने पोते का मुंडन संस्कार कराने के लिए पूरे परिवार के साथ गजरौला के प्रसिद्ध तिगरी गंगा धाम पहुंचे थे। धार्मिक रस्में चल ही रही थीं कि रामपाल के तीन बेटे (25 वर्षीय ओंकार, 23 वर्षीय बंटी और 18 वर्षीय अनुज) गंगा में नहाने उतर गए।

परिजनों के अनुसार, काफी देर तक जब तीनों भाई गंगा से बाहर नहीं आए तो चिंता बढ़ने लगी। पहले खुद ही आसपास ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन जब पता नहीं चला, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गजरौला थाना प्रभारी मनोज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया गया, लेकिन देर रात तक किसी का पता नहीं चला।

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को आईएमएफ में मिली बड़ी जिम्मेदारी

### बने एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर; 3 साल का होगा कार्यकाल



नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल को इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक के रूप में तीन साल के लिए नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। डॉ. पटेल ने 2016 में रघुराम राजन के बाद आरबीआई के 24वें गवर्नर के रूप में पदभार संभाला था। उनके कार्यकाल के दौरान भारत में नोटबंदी जैसा बड़ा आर्थिक फैसला लिया गया था। इस फैसले की पृष्ठभूमि में डॉ. पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

2018 में डॉ. पटेल ने व्यक्तिगत कारणों से आरबीआई गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। वे पहले ऐसे गवर्नर बने जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया और 1992 के बाद सबसे कम कार्यकाल तक आरबीआई गवर्नर रहे। अपने कार्यकाल में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण नीति पहल की। उन्होंने महंगाई दर की ऊपरी सीमा 4 प्रतिशत तय करने की सिफारिश की थी, जिसे बाद में सरकार ने स्वीकार किया। इस नीति के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत के आसपास बनाए रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

## पीएम मोदी को मां की गाली देने वाला शख्स गिरफ्तार

### राहुल गांधी की यात्रा के मंच से की थी अभद्रता



दरभंगा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां को गाली देने के मामले में बिहार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी मोहम्मद रिजवी उर्फ राजा को दरभंगा जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है। रिजवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्राझ् के दौरान एक स्वागत मंच से प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पूरे देश में सियासी बवाल मच गया था।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सिमरी थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस ने गुरुवार देर रात छापेमारी कर आरोपी रिजवी को गिरफ्तार किया। रिजवी दरभंगा के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भोपुरा गांव का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और इस मामले पर आज (शुक्रवार) दोपहर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दे सकती है।

**क्या है पूरा मामला?**

यह घटना बुधवार को उस वक्त हुई, जब राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का काफिला 'वोटर अधिकार यात्रा के तहत दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र से गुजर रहा था। यहां सिमरी के बिठौली में कांग्रेस के टिकट के दावेदार मोहम्मद नौशाद ने एक स्वागत मंच बनवाया था। आरोप है कि इसी मंच से मोहम्मद रिजवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में आपत्तिजनक और गाली–गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल किया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महागठबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तक, सभी ने इस शर्मनाक हरकत की निंदा करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से माफी की मांग की।

### घटती आबादी का दिखने लगा असर, स्कूलों में 49 लाख बच्चे हुए कम

नई दिल्ली , देश के शैक्षणिक परिदृश्य को लेकर एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। लगातार दूसरे साल स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2024–25 में पिछले वर्ष की तुलना में 11 लाख कम बच्चों ने स्कूलों में दाखिला लिया है।

इन आंकड़ों का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि एक तरफ जहां सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों से बच्चों का मोहभंग हो रहा है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों में दाखिले के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। यह रुझान अभिभावकों की बदलती प्राथमिकताओं की ओर स्पष्ट संकेत कर रहा है।

## एक–दूसरे को नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब न करें : मायावती



लखनऊ ,बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मंच से कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रकरण पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की है। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति–दुखद एवं चिंतनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर, देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिए, जो कि खासकर पिछले कुछ वर्षों से सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि इस दौरान देश के सामने विभिन्न प्रकार की आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां काफी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश के उच्च सरकारी व गैर–सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी आदि सार्वजनिक तौर पर करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह अति–दुखद व चिंतनीय है। खासकर चुनाव के समय यह प्रक्रिया और भी अधिक विषैली व हिंसक हो जाती है। इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सुनने को मिला है, वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है। मायावती ने आगे कहा कि बसपा शुरू से ही सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित व जहरीली राजनीति के खिलाफ है ।

## सम्पादकीय

# बड़े विनाश के संकेत

उत्तराखंड में इस बार जमकर मानसून बरसा है और ऐसा बरसा कि न केवल जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया बल्कि कई ऐसी बड़ी प्राकृतिक आपदाएं भी पन्नों पर दर्ज कर दी जिनका दर्द दशकों तक भुलाया नहीं जा सकेगा। बारिश का यह क्रम अभी थम रहा हो ऐसा भी नजर नहीं आ रहा है। पूरा पहाड़ मूसलाधार बारिश से त्राहि—त्राहि कर रहा है जबकि मैदानी क्षेत्रों में भी स्थिति कोई बहुत खास अच्छी नहीं है। नदिया सुरक्षा स्तर से कहीं ऊपर बह रही है जिसके कारण रिहाई सी बस्तियों में भी जल भराव की स्थितियां पैदा हो रही है। प्राकृतिक आपदाओं के आगे यूं तो इंसान बेबस है और जब आपदाएं एक के बाद एक कहर बनकर टूटने लगे तो फिर व्यवस्थाएं भी डगमगाने लगती हैं। उत्तराखंड में इस बार ऐसा ही नजारा देखने को मिला है जहां आपदाएं पूर्ण विराम लगाने को तैयार ही नहीं है। पहले उत्तरकाशी के धराली और फिर चमोली के थराली क्षेत्र में बादल फटने की घटनाएं इतनी बड़ी मुसीबत लेकर आएंगे इसकी कल्पना भी नहीं की गई थी। पहाड़ों से बह कर आए मलबे के कारण यहां कई मकान और पूरा कस्बा ही जमीदोज हो गया तो वहीं कई मलबे में दबकर मारे भी गए। प्राकृतिक आपदाओं का यह क्रम कहीं ना कहीं मानवीय हस्तक्षेप का कारण भी है क्योंकि उत्तराखंड के पहाड़ों का जिस प्रकार से दोहन किया गया है उसके परिणाम अब हमारे सामने आ रहे हैं। नदी और नालों के मूल स्वभाव को रोक कर उनका रास्ता बदलने की भूल अब स्पष्ट नजर आ रही है तो वही अभी भी पहाड़ों को काटकर उनमें फार्म हाउस और रिसॉर्ट बनाने की दौड़ थमने का नाम नहीं ले रही है। चिंता की बात यह है कि पहाड़ों में निर्माण को लेकर यदि नीतियां बनाई भी गई है तो निजी स्वार्थों की खातिर इन नियम कानूनों का कोई प्रभाव नहीं रह जाता है। वन विभाग से लेकर दूसरे विभागों को अवैध निर्माण नजर ही नहीं आते जबकि हादसे होने के बाद सरकारी मशीनरी नए नियम कानून लागू करती है जो चंद दिनों बाद ही रद्दी की टोकरी में नजर आते हैं। उत्तराखंड में वर्तमान की आपदाओं को देखते हुए यदि अब भी सरकारें और आमजन समझने ओर जागने को तैयार नहीं है तो फिर यह भी माना जा सकता है कि यह तो प्रकृति का एक छोटा सा रूप है और आगे भविष्य में न जाने किस प्रकार का खौफनाक मंजर देखने को मिल सकता है। अब समय है संभलने का और प्रकृति के संरक्षण का, अब न चेते तो शायद भविष्य में संभलने का भी समय नहीं मिल पाएगा।

# भारत में आजादी सिर्फ एक राजनीतिक अवधारणा

**अजीत द्विवेदी**

लोकतंत्र और आजादी सुनिश्चित करने के तमाम आधुनिक उपकरणों, जैसे संविधान आधारित शासन व्यवस्था, न्यायपालिका, मीडिया, तकनीक, नागरिक समाज आदि ने सचमुच लोकतंत्र और आजादी की रक्षा की है या इनके उत्तरोत्तर क्षरण का रास्ता बनाया है? यह एक जटिल सवाल है। एक समय 18वीं सदी के मध्य में महान दार्शनिक ज्यां जॉक रूसो के सामने सवाल था कि आधुनिक विज्ञान और कलाओं ने मनुष्य को बेहतर बनाया है या नैतिक रूप से भ्रष्ट बनाया है? रूसो का जवाब था कि आधुनिक कला और विज्ञान ने मनुष्य को नैतिक रूप से भ्रष्ट बनाया है। रूसो के निष्कर्ष के पौने तीन सौ साल और भारत की आजादी के 78 साल बाद कम से कम भारत के संदर्भ में कहा जा सकता है कि तमाम आधुनिक उपकरणों ने लोकतंत्र और आजादी को सीमित किया है या सीमित करने का प्रयास किया है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि देश के नागरिक भी किसी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक दबाव में आजादी को सीमित करने के प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं या उसमें सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। एक तरफ सरकारें वाक व अभिव्यक्ति की आजादी को नियंत्रित करने के नए कानून ला रही हैं और संप्रेषण के नए माध्यमों को भी सत्ता तंत्र की मदद से नियंत्रित किया जा रहा है तो दूसरी ओर नागरिक समाज स्वेच्छा से अपनी आजादी गंवाने की प्रक्रिया में शामिल हो रहा है। अगर नागरिक समाज अपने अधिकारों और अपनी आजादी के प्रति सजग रहे तो वह सरकारी दमन का सफल प्रतिरोध कर सकता है। लेकिन मुश्किल यह है कि नागरिक समाज ही अपनी आजादी गंवाने में प्रत्यक्ष या परोक्ष योगदान कर रहा है।

असल में भारत में आजादी को सिर्फ एक राजनीतिक अवधारणा बना दिया गया है। जब आजादी की बात होती है तो घूम फिर कर बात इस पर आ जाती है कि आपको सत्ता प्रतिष्ठान या शीर्ष पर बैठे राजनेता की आलोचना का अधिकार है या नहीं? यानी राजनीतिक बयान देने का अधिकार है या नहीं? माना जाता है कि अगर आपको राजनीतिक बयान देने का अधिकार है तो इसका मतलब है कि आप आजाद हैं। लेकिन ऐसा नहीं होता है। आजादी किसी राजनीतिक प्रतिष्ठान या किसी संविधान ने नहीं दी है या वह राजनीतिक बयानों तक सीमित नहीं है।

मनुष्य आजाद पैदा होता है और उसके मौलिक अधिकार, जिसमें खाने पीने की आजादी, पहनावे की आजादी, अपने मूल्यों के साथ जीवन जीने की आजादी आदि शामिल हैं, उसको स्वाभाविक रूप से मिलते हैं। लेकिन आजादी के 78 साल बाद यह स्थिति है कि कहीं खान पान की आजादी को नियंत्रित किया जा रहा है, कहीं पहनावे पर पाबंदी लगाई जा रही है, कहीं भाषा बोली को नियंत्रित किया जा रहा तो कहीं शादी की उम्र और पसंद को लेकर लोगों को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। इस बुनियादी बात को ही भुला दिया गया है कि अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सिर्फ बोलने की आजादी नहीं है, बल्कि अपनी पसंद का जीवन जीने की आजादी है।यह ध्यान रखने की जरुरत है कि नागरिकों की मौन या मुखर सहमति और नागरिक समाज की भागीदारी के बगैर लोकतंत्र और आजादी पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता है और न उसे सीमित किया जा सकता है। इंदिरा गांधी के प्रयास को इस देश के नागरिकों ने असफल बनाया था। मगर आज स्थितियां बदल गई हैं। अगर आज महाराष्ट्र में वहां की सरकार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मांस की बिक्री पर पाबंदी लगा रही है तो यह एक बड़े नागरिक समूह की सहमति के बगैर संभव नहीं है। पहली नजर में ऐसा लगेगा कि यह कितनी छोटी बात है! यह तर्क भी दिया जा रहा है कि अगर एक दिन मांसाहार नहीं करेंगे तो क्या आफत आ जाएगी! लेकिन यह छोटी बात नहीं है



**भारत में आजादी को सिर्फ एक राजनीतिक अवधारणा बना दिया गया है। जब आजादी की बात होती है तो घूम फिर कर बात इस पर आ जाती है कि आपको सत्ता प्रतिष्ठान या शीर्ष पर बैठे राजनेता की आलोचना का अधिकार है या नहीं? यानी राजनीतिक बयान देने का अधिकार है या नहीं? माना जाता है कि अगर आपको राजनीतिक बयान देने का अधिकार है तो इसका मतलब है कि आप आजाद हैं। लेकिन ऐसा नहीं होता है। आजादी किसी राजनीतिक प्रतिष्ठान या किसी संविधान ने नहीं दी है या वह राजनीतिक बयानों तक सीमित नहीं है।**

और न एक दिन की बात है। धार्मिक त्योहारों के सम्मान में नागरिक समाज की ओर से इसकी शुरुआत हुई थी। कहा गया कि जैन समुदाय के पर्यूषण पर्व के मौके पर महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों में मांस, मछली की दुकानें बंद रहेंगी। फिर कहा गया कि नवरात्रों में दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में मांस, मछली की दुकानें बंद रहेंगी।इसके बाद कहा गया कि कांवड़ यात्रा के समय कांवड़ के पूरे रास्ते में मांसाहार की दुकानें बंद रहेंगी। और अब कहा जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन भी लोगों को मांसाहार की आजादी नहीं होगी। नागरिक समाज या एक धार्मिक समूह की ओर से किसी खास त्योहार के मौके पर पाबंदी लगाने की जो शुरुआत हुई थी वह सांस्थायिक होती जा रही है। सरकार अब कानून बना कर या आदेश पारित करके लोगों की फूड च्वाइस को नियंत्रित करना चाहती है। इसको छोटी बात नहीं माना जा सकता है। क्योंकि यह संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग का हिस्सा है। एक बड़ा समूह इस पर चुप है, लेकिन इस चुप्पी में उसकी रक्षा नहीं है। आगे उसकी भी बारी आएगी।

इसी तरह एक कथित संत अनिरुद्धाचार्य ने लड़कियों को लेकर एक बेहद आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने 25 साल की उम्र से पहले शादी की सलाह देते हुए कहा कि '25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होगी तो वह किसी रिश्ते को कैसे निभाएगीइ। इस पर विवाद हुआ तो एक स्टैंडर्ड सफाई आई कि उनकी बातों को काट छांट कर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आए एक दूसरे कथित सम्मानित संत प्रेमानंद जी महाराज आए तो उन्होंने अपना निष्कर्ष सुनाया कि, 'आजकल सौ में मुश्किल से चार पांच लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सब ब्वॉयफ्रेंड गर्लफ्रेंड में लगे रहते हैंइ। इनके समर्थन में उतरे महंत राजू दास ने महिलाओं को लेकर कहा, 'समाज में अर्धनग्न घूम रहे हैं यह उचित नहीं है।मातृशक्ति पूजा के योग्य है लेकिन अर्धनग्नता नहीं, यह समाज में स्वीकार के योग्य नहीं हैइ। ये तीन बयान सिर्फ विवादित बयान नहीं हैं। इनकी भाषा तो बेहद भद्दी, अश्लील और आलोचना के योग्य है ही लेकिन इसके पीछे का पूरा विचार आजादी को प्रतिबंधित करने वाला है। दुर्भाग्य से यह काम कोई सरकार नहीं कर रही है, बल्कि सत्ता संरक्षित कथित संत इस तरह की बातें कर रहे हैं और नागरिक समाज उसका समर्थन और बचाव कर रहा है।

अब सवाल है कि अगर 78 साल में हमारी आजादी मजबूत हुई है, हमारा लोकतंत्र मजबूत हुआ है, तकनीक ने हमें अपने को अभिव्यक्त करने की बेहतर सुविधा दी है तो हम उसका क्या कर रहे हैं? हम इस प्रचार का हिस्सा बन रहे हैं कि लड़कियों को 25 साल की उम्र तक माता पिता की पसंद से शादी कर लेनी चाहिए नहीं तो उसको 'चार जगह मुंह मारने वालाइ कहा जाएगा, उसको चरित्रहीन ठहराय जाएगा और रिश्ते निभाने की उसकी क्षमता पर सवाल उठाया जाएगा! यह एक बहुत बड़ा विषय है, जिसकी गहराई में जाएं तो बहुत पन्ने काले करने होंगे लेकिन मुख्य रूप से यह स्त्रियों की पढ़ने लिखने, नौकरी करने, अपनी योग्यता साबित करने और उम्र के किसी भी पड़ाव पर अपनी पसंद से शादी करने या अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने की आजादी को सीमित करने का प्रयास है।पता नहीं क्यों भारत का समाज स्त्रियों से इतना घबराया हुआ है कि ये कथित साधु संत आगे किए गए हैं आजादख्याल स्त्रियों को चरित्रहीन साबित करने और उनकी आजादी को नियंत्रित करने के लिए?

ऐसा लग रहा है कि आजादी के 78 साल बाद भारत के सत्ता तंत्र को समझ में आ गया है कि जोर जबरदस्ती से आजादी को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है तो उसने धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि के नाम पर खान पान, पहनावे और स्त्री पुरुष संबंधों को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया है। नागरिक समाज खुशी खुशी इसमें शामिल हो रहा है। उसको लग रहा है कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है इसलिए उसको अपनी आजादी और अपनी पसंद का समर्पण कर देना चाहिए। असल में यह मानसिक गुलामी का प्रतीक है। यह ध्यान रखें अगर किसी समाज में नागरिकों के खान पान, पहनावे और निजी व सामाजिक संबंधों को किसी भी स्तर पर नियंत्रित कर लिया गया तो उससे उसकी राजनीतिक आजादी छीनना बहुत आसान हो जाएगा।

# क्या चीन कभी भारत का सगा हो सकता है?

**हरिशंकर व्यास**

हां, गौर करें 2014 से 2025 के बीच अमेरिका, चीन, रूस से पाकिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव तक के भारत रिश्तों पर अपनी विदेश नीति का क्या अर्थ बना है? चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग को झूला झुलाने से लेकर नवाज शरीफ के घर जा कर पकौड़े खाने से अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे का वह एक सिलसिला, जिससे दुनिया में सिर्फ यह साबित हुआ है कि भारत का कोई अर्थ नहीं है फिर भले भारत का विदेश मंत्रालय दुनिया के देशों से अपने प्रधानमंत्री को चाहे जितने राष्ट्रीय सम्मान दिलाए। भारत तो एक एक्सट्रीम से दूसरे एक्सट्रीम तक झूला झूलने की विदेश नीति में देश के रक्षा—सामरिक हितों तक का भी ध्यान नहीं रखता।

इसी मई में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, चीन और उसके सेनाधिकारी इस्लामाबाद में बैठ कर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर को गाइड करते हुए थे। भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना को चीन लड़ाकू विमान और मिसाइल, सेटेलाइट बैकअप देता हुआ था। दुनिया ने तब देखा और जाना कि चीन और पाकिस्तान किस हद तक एक—दूसरे के सगे हैं।

तब रूस भी पाकिस्तान का ही सगा था। भारत के लिए वह नहीं बोला। वह तटस्थ रहा। इसलिए क्योंकि यह अब वैश्विक सत्य है कि चीन उसका आज मालिक है। चीन के दम पर ही राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन से लड़ते हुए हैं।

ये सब बाते आज के स्थायी बेसिक सत्य है। और नरेंद्र मोदी का गॉडफादर किसे माना जा रहा था? डोनाल्ड ट्रंप को। आखिर उनके लिए अमेरिकी चुनाव के समय मोदी ने खुद सभा में नारा लगाया था अबकी बार ट्रंप सरकार। इतना ही नहीं ट्रंप को खुश करने के लिए भारत में उनका रियल एस्टेट कारोबार बनवाया। कहते है ट्रंप की कंपनियों ने बिना दमड़ी लगाए भारत में हजारों करोड़ रुपए कमाए। यह भी सत्य है कि अमेरिका का बाइडेन प्रशासन हो या ट्रंप प्रशासन उसने चीन की डोकलाम आक्रमकता तथा पाकिस्तानी हरकतों के आगे मोदी सरकार को भरपूर मदद व खुफिया जानकारियां दी हैं। शायद अभी भी मिल रही हैं। और मोदी सरकार सार्वजनिक तौर पर भले इनकार करे लेकिन मई में सीजफायर ट्रंप प्रशासन के कारण ही हुआ था!

पर मोदी और उनके सलाहकार डोवाल, जयशंकर ने तब भी माना होगा कि मानो ट्रंप भी ऐंवे ही हैं। सो, सीजफायर के बाद ट्रंप का आभार जताने के बजाय भारत ने उन्हें ठेंगा बताया। पाकिस्तान के जनरल मुनीर ने मौका लपका। और वे ट्रंप की गोद (चीन की सौ टका रजामंदी से) में बैठ गए। पाकिस्तान ने ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने की पैरवी की।

जबकि हिसाब से ट्रंप का मिजाज कैसा है, इसे प्रधानमंत्री मोदी व उनके सलाहकारों को गहराई से समझे होना चाहिए था। लेकिन भारत में जैसे सब ऐंवे है तो मोदी मुगालते में रहे कि ट्रंप क्या कर लेंगे। नतीजतन ट्रंप ने जब भारत को डेड इकोनॉमी घोषित कर टैरिफ लगाए तो मोदी—डोवाल—जयशंकर पर मानों पहाड़ टूट पडा! ध्यान रहे ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको, ब्रिटेन, यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया सभी पर टैरिफ लगाए हैं। सभी पर गाज गिरी है। चीन पर सर्वाधिक। लेकिन ये सभी देश किस तरह ट्रंप प्रशासन को हैंडल करते हुए हैं? जबकि भारत तुरंत एक छोर से दूसरे छोर तक उछलकूद करने वाली लंगूर कूटनीति में दूसरी दिशा में उछल गया! डोवाल दौड़े—दौड़े पहले रूस गए फिर चीन गए तो जयशंकर भी जा पहुंचे। पुतिन ने भारत यात्रा की घोषणा की वही चीन के विदेश मंत्री ने भारत आ कर प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोटोशूट किया। अब प्रधानमंत्री अगले महीने चीन जा कर शी जिनफिंग के साथ फिर झूला झूलेंगे। मतलब ट्रंप—मोदी भाई—भाई नहीं अब आगे शी जिन—मोदी भाई—भाई। लेकिन क्या चीन कभी भारत का सगा हो सकता है? क्या रूस के पुतिन अपने गॉडफादर राष्ट्रपति शी जिनफिंग की रणनीति से अलग पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मददगार हो सकते हैं?

इस लंगूर कूटनीति से सबसे बड़ी बात चीन और रूस या अमेरिका, यूरोप व जापान, दक्षिण एशिया के पड़ोसियों में भारत का अर्थ क्या बना है या क्या बनता हुआ होगा! मेरा मानना है कि ये सभी देश भी सोचते होंगे ऐंवे ही भारत और ऐंवे ही भारत की विदेश, व्यापार व सामरिक नीति! तभी भारत की नियति चीन और पाकिस्तान के ही घेरे में बंधे रहने की है!

# रवि तेजा और श्रीलीला की मास जथारा की रिलीज स्थगित



रवि तेजा और श्रीलीला की फिल्म मास जथारा के लिए फैंस को और इंतजार करना होगा। यह फिल्म पहले 27 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब किन्हीं कारणों की वजह से फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है, जिसकी वजह निर्माताओं ने पोस्ट के जरिए साझा की है। फिल्म मास जथारा की रिलीज जो 27 अगस्त को होने वाली थी, उद्योग—व्यापी हड़ताल और कुछ तकनीकी देरी के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने बताया कि नई रिलीज तारीख जल्द घोषित की जाएगी। सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हड़ताल और सामग्री पूरी करने में देरी के कारण मास जथारा 27 अगस्त को रिलीज नहीं हो पाएगी। लेकिन हम जल्द ही आपके लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में लाने के लिए काम कर रहे हैं।फिल्म के प्रशंसक, जो गणेश चतुर्थी पर इसके रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे, इस खबर से निराश हो चुके हैं। अभिनेता नवीन चंद्रा ने हाल ही में बताया था कि फिल्म की डबिंग शुरू हो चुकी है और यह एक दमदार और जमीन से जुड़ी कहानी होगी। एक्शन—ड्रामा फिल्म मास जथारा का निर्देशन भानु बोगावरापु ने किया है। इस फिल्म में रवि तेजा और श्रीलीला मुख्य भूमिकाओं में हैं। सिनेमैटोग्राफी विधु अयन्ना और संपादन नवीन नूली ने किया है।

## मन्नू क्या करेगा का नया गाना रिलीज, हमनवा में दिखा ललित पंडित का जादू

फिल्म 'मन्नू क्या करेगा के पहले गाने 'हमनवाझ् को निर्माताओं ने जारी कर दिया है। इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को मशहूर संगीतकार ललित पंडित ने कंपोज किया है। गायक वरुण जैन की आवाज में यह गाना हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर की याद दिलाता है। ललित पंडित ने 'तुझे देखा तो ये जाना सनमइ, 'पहला नशा् और 'कुछ कुछ होता हैझ् जैसे सदाबहार गाने दिए हैं। 'हमनवाझ् में नए कलाकार व्योम और साची बिंद्रा की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। यह गाना देहरादून की हरी—भरी वादियों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के बीच फिल्माया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। निर्माता शरद मेहरा और क्यूरियस आईज सिनेमा ने इस गाने को इंस्टाग्राम पर लॉन्च करते हुए लिखा, प्यार को शब्दों की जरूरत नहीं, बस एक धुन काफी है। 'हमनवाझ् आपके दिल का नया गीत है। फिर से प्यार में पड़ने वाला गीत। 'मन्नू क्या करेगाझ् का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है और इसमें विनय पाठक, कुमुद मिश्रा और चारु शंकर जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# डायमंड लीग 2025: नीरज चोपड़ा ने हासिल किया दूसरा स्थान, जूलियन वेबर बने विनर

नईदिल्ली, नई दिल्ली : शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे, जिसका फाइनल गुरुवार देर रात ज्यूरिख के लेट्ज़िग्रुंड स्टेडियम में खेला गया. चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 84.35 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में अच्छी शुरुआत की.

पहले प्रयास के बाद, जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.37 मीटर के विशाल थ्रो के साथ बढ़त बना ली. इस समय नीरज तीसरे स्थान पर थे.

हरियाणा के रहने वाले नीरज अपने दूसरे प्रयास में केवल 84 मीटर का थ्रो ही कर पाए। तीसरे, चौथे और पाँचवें प्रयास में उन्होंने फाउल किया. प्रत्येक भाला फेंक खिलाड़ी के छह प्रयास होते हैं, और अपने छठे और अंतिम प्रयास में,



नीरज 85.1 मीटर का थ्रो कर पाए. इससे उनका दूसरा स्थान सुनिश्चित हो गया, जबकि वेबर ने 91 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ डायमंड लीग जीत ली.

केशोम वालकॉट 84.95 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे. यह लगातार तीसरी बार है जब नीरज इस टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे हैं. ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा 2022 में किसी भी स्पर्धा में डायमंड लीग चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने. दिलचस्प बात यह है कि उस वर्ष भी फाइनल ज्यूरिख में ही हुआ था. इस स्टार एथलीट ने क्रमशः यूजीन और ब्रुसेल्स में आयोजित दो बाद के संस्करणों में भी फाइनल में जगह बनाई. हालांकि दोनों ही मौकों पर वह उपविजेता रहे.

ज्यूरिख फाइनल 2025 डायमंड लीग सीजन का समापन था, जिसमें दो दिवसीय फाइनल से पहले 14 नियमित चरण आयोजित किए गए थे. 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने इस सीज़न में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताओं में भाग लिया है – दोहा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ 90.23 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे और पेरिस चरण में 88.16 मीटर के साथ जीत हासिल की.

# बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत की फिल्म कुली की पकड़ बरकरार

इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए कई बड़े सितारों की फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक है कुली, जिसके हीरो रजनीकांत हैं। सुपरस्टार ने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है और बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत कमाई कर रही है। दूसरे सप्ताह में भी यह फिल्म करोड़ों में कमा रही है। आइए जानें कुली ने 12वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया है। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कुली ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 3 करोड़ रुपये जुटाए, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 260.35 करोड़ रुपये हो गया है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी कुली खूब नोट



छाप रही है। फिल्म ने दुनियाभर में 479 करोड़ रुपये से अधिक कमा लिए हैं। इस फिल्म का अनुमानित बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, सत्यराज और रचिता राम जैसे सितारे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं, वहीं आमिर खान और पूजा हेगड़े ने भी फिल्म में कैमियो किया है।

## रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, अब राजीव शुक्ला संभालेंगे जिम्मेदारी

नईदिल्ली, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज रोजर बिन्नी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला अगले चुनाव होने तक कार्यवाहक अध्यक्ष रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को शुक्ला की अगुवाई में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक हुई, जिसमें भारतीय टीम का स्पॉन्सर मुख्य मुद्दा रहा। बैठक में ड्रीम—11 के अनुबंध को समाप्त करने और अगले ढाई साल के लिए नए स्पॉन्सर की तलाश पर चर्चा हुई। क्रिकेट एशिया कप आगामी 10 सितंबर से शुरू होने वाला है, इसलिए नए स्पॉन्सर को अंतिम रूप देने के लिए समय बहुत कम बचा है। सूत्र ने बताया, दो हफ्ते से भी कम समय बचा है। हम अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन निविदा प्रक्रिया और कानूनी औपचारिकताओं में समय लगता है। हमारी प्राथमिकता केवल एशिया कप के लिए ही नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए स्पॉन्सर को तय करना है।

# एशिया कप से पहले संजू सैमसन बल्ले से उगल रहे आग, प्लेइंग—11 में जगह बनाने की कोशिश

नई दिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम 9 सितंबर से एशिया कप 2025 में भाग लेने वाली है. उससे पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ गई हैं. टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर के लिए भी चिताएं बढ़ती हुई नजर आ रही हैं और ये चिंताएं बढ़ाने वाला कोई और नहीं बल्कि इंडियन क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन हैं.

संजू सैमसन केरल क्रिकेट लीग 2025 टूर्नामेंट में बल्ले के साथ आग उगल रहे हैं. उन्होंने अब तक लीग में 4 पारियों में 71.25 की औसत और 182.69 की स्ट्राइक रेट के साथ 285



रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 22 चौके और 21 छक्के निकले हैं. इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक भी निकला है. उन्होंने 2 शतक भी लगाए हैं.

संजू सैमसन ने अपने इस प्रदर्शन ने एशिया कप में टीम इंडिया की प्लेइंग—11 क्या होगी, इसको लेकर सभी के दिमाग में चिंताएं पैदा कर दीं हैं. क्योंकि टीम में शुभमन गिल को बतौर ओपनर शामिल किया गया है. इसके साथ ही उन्हें उपकप्तान बनाया गया है. ऐसे में उनका प्लेइंग—11 में चांस पक्का है.शुभमन गिल—अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करते हैं तो संजू सैमसन का पत्ता कटना तय है. क्योंकि टीम में बतौर फिनिशर और विकेटकीपर बैटर के रूप में जितेश शर्मा को मौका दिया गया है. अगर संजू टीम में पारी की शुरुआत नहीं करते हैं तो उनकी किसी अन्य स्थान पर जगह बनती नहीं दिख रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### बाघ की चहल कदमी से दहशत में पोखरी के ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण के ग्राम पोखरी में बाघ की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन दहाड़े ही बाघ गांव में घुस रहा है। अब तक बाघ कई मवेशियों को निवाला बना चुका है। उन्होंने बाघट को पकड़ने के लिए वन विभाग थलीसैंण से क्षेत्र में पिंजड़ा लगाने की मांग की है। पूर्व प्रधान मनोज पोखरियाल ने कहा कि बाघ के आंतक के कारण गांव से बाहर निकलना बड़ा मुश्किल हो रखा है। छोटे-छोटे नौनिहालों को स्कूल भेजना बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। कहा कि आजकल खेती का कार्य भी चल रहा है, लेकिन लोगों को खेतों में जाने में भी डर लग रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग थलीसैंण को भी इस बारे अवगत करा दिया है, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पटाखे फोड़कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर वापस लौट जाती है। पूर्व प्रधान ने कहा कि जिस तरह से लगातार बाघ गांव के क्षेत्र में दिखाई दे रहा है उससे हर समय किसी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अपने को स्कूल छोड़ने और लाने, खेतों में अकेले न जाने की अपील की है।

### जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में विगत रात्रि से हुई अतिवृष्टि के चलते ताल जामण क्षेत्र में 4 से 5 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई। सौभाग्यवश इन मकानों में प्राकृतिक आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई, घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने बिना देर किए प्रभावित परिवारों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालय में सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। वहां रहने और खाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही पशुओं के लिए भी चारे की व्यवस्था की जा रही है, प्रभावितों की हर संभव सहायता के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों सहित क्षेत्रीय पटवारियों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए है कि चार डॉक्टरों सहित मेडिकल टीम को तुरन्त मौके के लिए रवाना किया जाए तथा ये टीम लोगों को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी और तीन दिनों तक घटनास्थल पर ही मौजूद रहेगी।

### अतिवृष्टि के कारण 8 लापता

रुद्रप्रयाग : पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश और अतिवृष्टि ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रुद्रप्रयाग जिले के पूर्वी बांगर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण छेनागाड़ का पड़ाव पूरी तरह तबाह हो गया है। तड़के हुई मूसलाधार बारिश के बाद पहाड़ी से आए मलबे के सैलाब में 15 से अधिक दुकानें और मकान बह गए। जिससे 8 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें चार नेपाली मजदूर और एक वनकर्मी शामिल हैं। इस घटना में सड़क और पैदल मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं जिससे बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। (एजेंसी)

### नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों, ज्येष्ठ और कनिष्ठ प्रमुखों ने शपथ ली

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ब्लॉक प्रमुखों, ज्येष्ठ प्रमुखों और कनिष्ठ प्रमुखों का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। पौड़ी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।शुक्रवार को पौड़ी ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख अर्चना तोपाल, कनिष्ठ प्रमुख नीरज पटवाल के साथ ही बीडीसी सदस्यों को शपथ दिलाई। कल्जीखाल ब्लाक में भी विधायक नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख गीता देवी, ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल, कनिष्ठ प्रमुख दीपक असवाल व अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलवाई। वहीं, द्वारीखाल ब्लाक में प्रमुख बीना राणा, ज्येष्ठ प्रमुख नीलम नैथानी, कनिष्ठ प्रमुख कौशल्या देवी व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलवाई। मुख्य कृषि अधिकारी डा. विलेश यादव ने 27 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही प्रमुख बीना राणा, ज्येष्ठ प्रमुख नीलम नैथानी व कनिष्ठ प्रमुख कौशल्या देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### पूरी रात गिरता रहा सीएचसी का पुश्ता

चमोली : थराली क्षेत्र में गुरुवार देर रात मूसलाधार बारिश में लोग दहशत में रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली के पीछे स्थित पुश्ता पूरी रात गिरता रहा। अच्छा हुआ कि कुछ दिन पहले ही स्वास्थ्य केंद्र को वहां से शिफ्ट कर लिया गया था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। भारी बारिश से सिपाही गदेरा, घटगाड़ गदेरे पूरे उफान पर रहे।

# गुमराह कर भूमि खरीदने का आरोप, ग्रामीणों ने जताया रोष

## द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तोली के ग्रामीणों ने किया विरोध



प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम तोली में ग्रामीणों की बात सुनती तहसीलदार साक्षी उपाध्याय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक व्यक्ति पर गुमराह कर गांव की भूमि खरीदने का आरोप लगाते हुए द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तोली के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से उनकी भूमि वापस दिलवाने की मांग उठाई। कहा कि ग्रामीणों से सरकारी दाम से भी कम मूल्यों में भूमि खरीदी गई है। ऐसे में पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं, मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों को भूमि का दाखिल-खारिज नहीं करने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों के विरोध के बाद तहसीलदार साक्षी उपाध्याय मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने उन्हें पूरे मामले से अवगत करवाया। कहा कि एक व्यक्ति ने ग्रामीणों को गुमराह कर गांव की भूमि सरकारी दर से भी कम कीमत में खरीद ली। यही नहीं, व्यक्ति ने सह खाताधारकों की भूमि भी फर्जी तरीके से हड़प ली है। इतना ही नहीं, कई ग्रामीणों के खाली सफेद पेज में हस्ताक्षर भी करवाए गए। बताया कि उक्त व्यक्ति अपने द्वारा खरीदी गई इस भूमि को बाहरी व्यक्ति, कंपनी व एजेंसी को बेचने की तैयारी कर रहा है। कहा कि यदि जल्द से जल्द ग्रामीणों की भूमि को वापस नहीं लौटाया गया तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, पंचम सिंह, चंद्रन सिंह, भारत चंद्र, ऊषा देवी, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# मैराथन दौड़ में अमन रावत रहा प्रथम



मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : खेल दिवस पर एमकेवीएन विद्यालय की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सात किलोमीटर की इस दौड़ में अमन रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

देवी रोड से प्रारंभ हुई मैराथन दौड़ को अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ देवी मंदिर से शुरू होकर एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी प्रांगण में संपन्न हुई। धावकों ने मैराथन के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान इंटर कालेज कुटियाखाल (पोखड़ा) के अमन रावत ने प्रथम, राइंका सुखरो के रोहित, राजकीय इंटर कालेज मोटाढांक के विजय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी कण्वघाटी की छात्राओं ने बाजी मारी। इस मौके पर प्रकाश चंद्र कोठारी, विपिन जदली आदि मौजूद रहे।

# पैरामेडिकल शिक्षा के महत्व के बारे में बताया

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरू राम राय पैरामेडिकल कालेज में छात्रों व अभिभावकों का इंडक्शन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका बताया। कहा कि पैरामेडिकल सेवा शिक्षा व स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में छात्रों को वीडियो क्लिप दिखाकर श्रीमहंत इंद्रेश चिकित्सालय देहरादून के कार्यों को भी दिखाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल व डा. विकास थलेड़ी ने किया। कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात कालेज के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी सहित विभिन्न लोकगीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। डा. विकास थलेड़ी ने कहा कि नर्सिंग व पैरामेडिकल शिक्षा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होने सभी छात्रों को चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा महत्व, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि छात्र-छात्राएं लगन और मेहनत से अध्ययन करते हुए इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं। कालेज के प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल कहा कि पैरामेडिकल शिक्षा स्वास्थ्य सेवा का अभिन्न अंग है, जिसके बिना चिकित्सा सेवा असंभव है। पैरामेडिक्स चिकित्सकों और मरीजों के बीच अहम कड़ी होते हैं। कहा कि संस्थान अपने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और व्यवहारिक प्रशिक्षण देता है, जिससे वे सेवा के क्षेत्र में नजीर स्थापित कर सकें। कार्यक्रम में सभी विभागों ने पाठयक्रमों की जानकारी दी। इस मौके पर डा. शिवी शर्मा, श्वेता बिष्ट, प्रणव राज बमराड़ा, आशीष नेगी, नीरज बिष्ट, अखिल भारद्वाज, दिव्यांशी, प्रगति, अंकित, आशीष, सुधीर, पूनम, कीर्ति मौजूद रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी द्विवेदी रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मतदान जागरूकता अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा साक्षी द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित प्रतियोगिता से पूर्व प्राचार्य डा. डीएस नेगी ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। मतदान जागरूक समिति के संयोजक डा. अजीत सिंह ने कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना चाहिए। मतदाता जागरूक समिति के सदस्य डा. संत कुमार व डा. बिशन लाल ने कहा कि प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा साक्षी द्विवेदी ने प्रथम, अनुभूति उनियाल ने द्वितीय व कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. आशा देवी, डा. संदीप कुमार, डा. प्रमोद कुमार शामिल थे।

# जनता को गुमराह कर रही भाजपा : डा. हरक सिंह रावत



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व मंत्री डा. हरक सिंह रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व काबीना मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। प्रदेश में लगातार अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को जवाब देगी।

कोटद्वार पहुंचे पूर्व काबीना मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कोटद्वार विधानसभा में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की गई थी। लेकिन, भाजपा सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर भी धरातल पर विकास कार्य नहीं दिखाई दे रहे है। कहा कि वर्तमान विधायक सिर्फ पुराने स्वीकृत कार्यों को अपना बता जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पाखरो टाइगर सफारी को कोर्ट से हरी झंडी मिल गई है। लेकिन, सरकार उस पर निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा रही है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर मेडिकल कालेज को लेकर भी भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। कहा कि राज्य सरकार में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो मेडिकल कालेज बनाया जा सकता है। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग भी अधर में लटका हुआ है। डा. रावत ने विधानसभा कोटद्वार में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। कहा कि खराब गुणवत्ता के चलते इस वर्षाकाल में नदियों में बाढ़ सुरक्षा दीवार ढह गई है। कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए कांग्रेस का कार्यकर्त्ता सड़कों पर संघर्ष करेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भी विकास कार्यों के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, विपिन डोबरियाल, सुरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।

### कबड्डी के फाइनल में तक्षशिला हाउस ने पंचलील हाउस को हराया

विकासनगर। शंकरपुर स्थित गंगा दर्शन पब्लिक स्कूल में खेल दिवस की उपलक्ष्य में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न हाउस में कबड्डी, रस्साकसी, डांस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता रावत व निदेशक अनुराग रावत ने किया। सीनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में तक्षशिला हाउस ने पंचशील हाउस को हराया। सीनियर बालिका वर्ग के फाइनल में पंचशील हाउस ने तक्षशिला हाउस को हराया।

# कांग्रेस ने उदीयमान खिलाड़ियों को किया सम्मानित



आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित करते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** मेजर ध्यानचंद्र की जयंती पर कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के चार उदीयमान खिलाड़ियों को ट्रेकसूट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों को मेजर ध्यान चंद्र की जीवनी के बारे में भी बताया गया। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने मेजर ध्यान चंद्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि मेजर ध्यान चंद्र को हाकी का जादूगर कहा जाता है। उन्होंने अपने प्रतिभा से भारत का नाम रोशन किया। आज भी वे हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कहा कि उन्होंने हाकी के क्षेत्र में तीन सौ से अधिक रिकार्ड बनाए हैं। उन्होंने तानाशाह हिटलर के सामने जर्मन को 08-01 से पराजित किया था। उन्हें पद्मविभूषण, अर्जुन पुरस्कार, राजीव गांधी खेल रत्न, द्रोणाचार्य पुरस्कार भी मिल चुका है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सब जूनियर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली राजकीय कन्या इंटर कालेज घमंडपुर की छात्रा गुंजन व माही, राष्ट्रीय स्कूली एवं फेडरेशन बाक्सिंग सब जूनियर वर्ग में प्रतिभाग करने वाले राज सिंह व दीपक को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, प्रदीप सिंह, मनवर सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, चंद्रमोहन सिंह, योगंबर, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, वीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत से साकार होंगे छात्रों के सपने

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में ह्लीन स्टार्टअप और न्यूनतम व्यवहार्यता व्यवसायह्न विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को नवाचार और उसके लिए सरकारी मदद की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज सभागार में आयोजित आईआईसी कार्यशाला का बतौर मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार की प्रबंधक उपासना सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को नए स्टार्टअप के लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्किल इंडिया, एमएसएमई पॉलिसी आदि की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने स्वदेशी सफल स्टार्टअप का उदाहरण देते हुए नए-नए आईडिया से अपने नवाचार को दिशा देने पर जोर दिया। कहा कि सकारात्मक सोच और कड़ी मेहनत से सपने साकार किए जा सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व की प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। कॉलेज के प्रचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को अनुशासनात्मक जीवन शैली को अपनाने की अपील की। जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार के सहायक प्रबंधक अंकित सिंह और सलोनी नेगी ने बच्चों को योजनाओं के लिए आवेदन ओर प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी। समारोह में कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, कार्यशाला समन्वयक होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. वीरेंद्र आर्य, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रो. अनुराग सेमवाल, आईआईसी संयोजक असिस्टेंट प्रो. वेद प्रकाश राठौर सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वर्निका बंसल और प्रशांत कुलाश्री ने किया।

## प्रो. पंवार बनें एसजीआरसी कमेटी के अध्यक्ष

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्र शिकायत निवारण समिति (एसजीआरसी) कमेटी का गठन किया गया है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद नॉटिफिकेशन जारी किया है। कमेटी शैक्षणिक सत्र 2025-26 तक ही अपने कार्यों का निर्वहन करेगी। कमेटी में इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. एनएस पंवार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष, छात्र संघ उपाध्यक्ष, छात्रा प्रतिनिधि, मुख्य नियंता, मुख्य छात्र सलाहकार को कमेटी का पदेन सदस्य बनाया गया है। फार्मासूटिकल साइंस की डॉ. सरला सकलानी को सदस्य और बीजीआर कैंपस पौड़ी एवं एसआरटी कैंपस टिहरी के निदेशक को आमंत्रित सदस्य और अधिष्ठाता छात्र कल्याण को कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। गठित की गई समिति शैक्षणिक, प्रशासनिक और छात्र सहायता सेवाओं से संबंधित छात्रों की शिकायतों की जांच और निवारण करने, समिति प्रत्येक तिमाही में एक बार या आवश्यकतानुसार बैठक करेगी। साथ ही छात्र समिति को लिखित रूप में या शिकायत निवारण पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। (एजेंसी)

## अपनों की सुध लेने के लिए परेशान दिखे लोग

रूद्रप्रयाग : बुसकेदार तहसील के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में आई आपदा के चलते लोग काफी परेशान रहे। एक ओर सड़क मार्ग बंद होने से अपनों की कुशलक्षेम पूछने के लिए लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ा। कई बार फोन से भी सम्पर्क नहीं हो सका जिससे लोग काफी चिंता में दिखे। छेनागाड, तालजामड़, जौला बडेथ, किमाणा, बगड़तोक, कम्द तोक, स्यूर, अरखुंड आदि गांवों के लोगों की सुध लेने के लिए कई अन्य गांवों के लोग काफी परेशान दिखे। नदजीकी गांवों के लोगों के साथ ही उनके अपनों में घटना को लेकर दहशत का माहौल देखा गया। कई लोग गुप्तकाशी से इन प्रभावित इलाकों की ओर जाने लगे, किंतु सड़क मार्ग बंद होने के कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मीलों पैदल चलकर प्रभावित इलाकों में हालचाल जानने के लिए पहुंचे।

# बोरी दौड़ में आदर्श व अरिष्का ने मारी बाजी



इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित बोरी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित बोरी दौड़ प्रतियोगिता में आदर्श व अरिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को खेल दिवस के महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलवाई। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान छठवीं कक्षा के बालक वर्ग की बोरी दौड़ प्रतियोगिता में सत्यम, आदर्श व अंश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अरिष्का, प्राची व अनुष्का प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सातवीं कक्षा के बालक वर्ग की बोरी दौड़ में आदर्श, शुभम व आदर्श नेगी, बालिका वर्ग में रिया, भावना व साक्षी प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। नौवीं और दसवीं कक्षा की कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में दसवीं कक्षा विजयी रही। इस मौके पर विद्यालय के व्यायाम शिक्षक प्रमोद रावत, प्रमोद कुमार रमोला, सतीश शाह, प्रकाश कैंथोला, नीरज कुमार, कैलाश रावत, विश्वजीत सिंह, गौरव चौहान, अरविंद सिंह, सचिव रितेश, चांदनी आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर ग्राम थनूल, जिला पौड़ी गढ़वाल में अक्टूबर में मंदिर समिति का चुनाव किया जाना है और नवीन कार्यकारिणी गठित की जानी है। यदि कोई श्रद्धालु मंदिर समिति से जुड़ना चाहते है और मंदिर समिति के सदस्य बनना चाहते है तो आप ऑन लाइन भी सदस्य बन सकते है। यह अभियान एक माह तक चलेगा जिसमें सामान्य सदस्य शुल्क – 500, सक्रिय सदस्य– 1100, आजीवन सदस्य शुल्क – 5100 की धनराशि रखी गई है। सदस्य अभियान केवल 30 सितंबर तक रहेगा आप सदस्य बनने के लिए अध्यक्ष/कोषाध्यक्ष से संपर्क कर सकते है या फिर ऑन लाइन के लिए अ/उ 76003018524 रइक0फम्रवळॅइ माध्यम से भी सदस्य बनकर अगवत करवाए।

संपर्क
जगमोहन डांगी
अध्यक्ष मंदिर समिति
9012353055,7895742897
(1194/21)


# विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



जयन्त प्रतिनिधि।लैंसडौन : कैंटोनमेंट बोर्ड कार्यालय, लैंसडाउन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भुल्ला ताल के समीप विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर लैंसडाउन की महिला चेंजमेकर की उपस्थित में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित पहल को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु जज प्रिया शाह, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर ऊषा नैथानी, कैग ऑडिट वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी भारती प्रवीण एवं भूतपूर्व छावनी सदस्य इंद्रा रावत, मुख्य अधिशासी अधिकारी साकिब आलम के नेतृत्व में 75 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनमानस को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराना एवं पर्यावरणीय संतुलन हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इस मौके पर एसके आजाद, राकेश यादव, दिवाकर सहित छावनी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## बीरोंखाल ब्लॉक प्रमुख नेहा ने ली शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख नेहा नेगी ने शुक्रवार को शपथ लेकर कार्यभार ग्रहण किया। वहीं, उनके साथ आर्दश राजकीय इंटर कालेज बीरोंखाल में जेष्ठ प्रमुख कुलदीप सिंह, कनिष्ठ प्रमुख विनीता देवी ने शपथ ली। राइंका बीरोंखाल में एक सादे कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक वर्मा, बीडीओ जेएस पयाल ने ब्लॉक प्रमुख, जेष्ठ प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख को शपथ दिलाई। ब्लॉक प्रमुख द्वारा 26 क्षेत्र पंचायत सदस्यों को तीलू रौतेली सभागार बीरोंखाल में शपथ दिलाई गई। वहीं, घोड़ियाना क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेम सिहं नेगी ने शपथ नहीं ली।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:–केएडीईएन/मुख्यालय/एमबी के अधीन साउथ कॉलोनी/एमबी की एसटीएम कार्यशाला में स्वच्छता कार्य, बाउंड्री वाल कार्यालय परिसर के विकास और प्रावधान एवं भारी मरम्मत हेतु विद्युत कार्य, पीआरपीएम स्टेशन पर मालगाड़ियों की लंबी दूरी की संरचना के लिए कंक्रीट मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य तथा डीईएन/IV/एमबी के अंतर्गत अमरोहा में 15 परित्यक्त/जीर्ण–शीर्ण गैंग क्वार्टरों के प्रतिस्थापन हेतु विद्युत कार्य। | 6774835.06 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय,उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 135500.00 | 6 माह | निविदायें दिनांक 19.09.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 13/2025 दिनांक: 29.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2625/25

## संक्षिप्त समाचार

### 3 सितंबर को ब्लॉक व 5 सितंबर को जिला पंचायत प्रतिनिधि लेंगे शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन–2025 में नव निर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण एवं पंचायतों के गठन व प्रथम बैठक हेतु पूर्व निर्धारित तिथियों में संशोधन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में नव निर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों के परिप्रेक्ष्य में पंचायतों के गठन, शपथ ग्रहण एवं पंचायतों हेतु समय-सारणी निर्गत की गई है। उन्होंने बताया कि कनिष्ठ उप प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख एवं प्रमुख पद हेतु शपथ ग्रहण के लिए अब 03 सितंबर, 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही प्रथम बैठक 04 सितंबर को आयोजित होगी। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य सहित उपाध्यक्ष व अध्यक्ष पद पर 05 सितंबर को शपथ ग्रहण, जबकि प्रथम बैठक हेतु 06 सितंबर, 2025 की तिथियां निर्धारित की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपरोक्त तिथियों के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण एवं गठित पंचायतों की प्रथम बैठक आहूत कराए जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर घर–घर बांटे जूट के बैग

विकासनगर। पछुवादून विकास मंच की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए इन दिनों पौधरोपण करने के साथ ही जनता के बीच में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने के लिए मंच की ओर से लोगों को घर–घर जाकर जूट से बने बैग दिए जा रहे हैं। मंच ने अभी तक एक हजार से अधिक बैग वितरित किए हैं। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबका सामूहिक दायित्व है। इसकी शुरुआत खुद से करनी होगी, जिससे प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्लास्टिक का उन्मूलन जरूरी है। लिहाजा मंच की ओर से लोगों को घर–घर जाकर जूट से निर्मित बैग वितरित किए जा रहे हैं। इससे पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इन बैगों के चलने से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लोगों को कपड़े और जूट के बैग का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि सिर्फ पौधरोपण करने से ही पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है। पेड़ पौधों की सुरक्षा के साथ ही पर्यावरण के अन्य सभी घटकों की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखना भी जरूरी है। इस दौरान आमोद कुमार, मुकेश राज, नवीन वर्मा, परम वर्मा, वीर सिंह राणा, संजीव कुमार, अमन बिजल्वाण, मोहन खत्री आदि मौजूद रहे।

### दीक्षांत के छात्रों ने सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन में दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। 26 से 28 अगस्त 2025 तक रोज़ी पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 35 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। दीक्षांत की अंडर–14 बालक टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। टीम में आदिश नौटियाल, वंश टम्टा और सक्षम खन्ना शामिल रहे। कक्षा 9 के आदिश नौटियाल ने व्यक्तिगत अंडर–14 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्तर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजे गए पूर्व निदेशक डॉ. माहेश्वरी

ऋषिकेश। इंडोनिशिया के बाली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन के 25वें रजत पर्व में पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. एनपी माहेश्वरी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान 50 वर्षों तक उच्च शिक्षा में योगदान के लिए दिया गया। डॉ. एनपी माहेश्वरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का 25 वां रजत वर्ष बाली (इंडोनेशिया) में 23 से 31 अगस्त तक आयोजित किया गया है। इसी सम्मेलन में उन्हें बाली–इंडोनेशिया के प्रतिष्ठित समाजसेवी जमनालाल बजाज से सम्मानित पद्मश्री अगुस उडयन ने उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। मूलतः कोटद्वार के रहने वाले डॉ. माहेश्वरी ने थैलीसैण, नरेंद्रनगर, रायपुर देहरादून पावकी देवी, ऑटोनोमस पीजी कॉलेज ऋषिकेश आदि राजकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य, उपनिदेशक और निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

# अब अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा आयोजन के लिए तैयार हैं उत्तराखंड : धामी

### मेजर ध्यानचंद जयंती, राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में बोले सीएम धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर बहुउद्देश्यी क्रीड़ा हाल परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस 2025, समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल और खेल भावना समाज को ऊर्जा, अनुशासन और प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी स्टिक के जादू से पूरी दुनिया को भारत की खेल शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने हिटलर तक को ये बता दिया कि देश भक्ति आखिर क्या होती है। कहा कि उत्तराखंड राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बना है। हाल ही में देश की एकमात्र ओलंपिक स्टैण्डर्ड हिमाद्रि आइस रिंक का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसके फलस्वरूप इस आइस रिंक में इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है, जो न केवल हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारत में शीतकालीन खेलों के एक नए युग का सूत्रपात करने में भी मील का पत्थर सिद्ध हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन रहा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। कहा कि प्रधानमंत्री खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे खिलाड़ी केवल किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं खेलते बल्कि जीतने और तिरंगा लहराने के संकल्प के साथ मैदान में उतरते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड के प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित कर रही है। नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और इंटरनेशनल स्तर पर पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही




आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं शिक्षा, तथा प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल-छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेलों के जरिए हर क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। राज्य सरकार उत्तराखंड में खेल सुविधाओं का विकास करने में कामयाब रही है, इससे आने वाले समय में राज्य के हर घर से खिलाड़ी निकलेगा। समारोह को सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल आशीष चौहान एवं खेल विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

इस अवसर पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा कुल 250 से अधिक खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। सम्मानित हो रहे खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी मनदीप कौर, अमीषा रावत और मनोज सरकार को 50-50 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाले शौर्य सैनी और अभिनव देशवाल को 30-30 लाख रुपये की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3,900 खिलाड़ियों तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2,199 खिलाड़ियों को प्रतिमाह मिलने वाली उनकी छात्रवृत्ति की लगभग साढ़े 5 करोड़ रुपये की राशि भी प्रदान की गई।

**सीएम ने की दो घोषणाएं, दो खिलाड़ियों को दिये नियुक्ति पत्र**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं, इसलिए खेल विभाग और युवा खिलाड़ियों को अभी से इसकी तैयारियों में जुटना होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउंड में एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बनाने और पवेलियन फुटबाल ग्राउंड में सिंथेटिक फुटबाल टर्फ लगाने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों मानसी नेगी को खेल विभाग और मोहम्मद अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।

# ब्लाक प्रमुख पंकज बिष्ट ने ली शपथ



जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : विकासखंड एकेश्वर के नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख पंकज बिष्ट ने शुक्रवार को विधिवत शपथ लेकर कार्यभार ग्रहण किया। उनके साथ ज्येष्ठ प्रमुख मुकेश पांथरी,कनिष्ठ प्रमुख सुनीता देवी सहित सभी 23 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। विकासखंड सभागार में एक सादे समारोह में जिला मत्स्य पालन अधिकारी अभिषेक मिश्र, खंड विकास अधिकारी एनसी सुयाल ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रमुख पंकज बिष्ट ने क्षेत्र में पलायन, कृषि एवं स्वरोजगार पर कार्य करने को अपनी प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष आरती नेगी, निवर्तमान प्रमुख नीरज पांथरी, पूर्व प्रमुख नरेंद डंडरियाल, सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र नेगी, सहायक विकासखंड अधिकारी मनोज भट्ट, राकेश शाह आदि उपस्थित रहे है।

### युवक की मौत मामले में अज्ञात बस चालक पर मुकदमा

हल्द्वानी। गौलापार में एक सप्ताह पहले सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। काठगोदाम पुलिस को तहरीर देकर कुंदन सिंह निवासी बिंदुखत्ता, लालकुआं ने बताया कि 23 अगस्त को उसका बेटा पूरन सिंह स्कूटी से काठगोदाम से गौलापार बाईपास रोड होकर लालकुंआ की ओर जा रहा था। शाम करीब छह बजे ताज होटल के पास सामने से आ रही बस ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में पूरन की मौके पर ही मौत हो गई थी। वह बस के बोनट के आगे जा घुसा था। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बॉलीबाल प्रतियोगिता में खुशहालपुर की टीम रही प्रथम

विकासनगर। मिनी स्टेडियम शंकरपुर सहसपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर अंडर– 21 बालक वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड सहसपुर के ग्राम पंचायत की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खुशहालपुर की टीम ने प्रथम स्थान एवं बलूनी पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सहसपुर परशुराम सकलानी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सहसपुर मोहम्मद इमरान, प्रशिक्षक मनोज कुमार, अनुज कुमार,



पीआरडी ब्लॉक कमांडर राकेश कुमार, राज्य स्तरीय खिलाड़ी मोहन सिंह, देव सिंह पंवार, पार्वती चौहान, नवीन, संजय, हरिमोहन आदि उपस्थित रहे।

# पछुवादून में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेशोत्सव

### – वैष्णोधाम तेलपुरा में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की

विकासनगर। पछुवादून में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पूजा–अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। घर–घर श्रीगणेश की मूर्तियां स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार को तेलपुरा–अटकफार्म के आदिशक्ति वैष्णो देवी धाम में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई। गणपति स्थापना से पूर्व मंदिर को सजाया गया था। मूर्ति स्थापना के बाद मंदिर में भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया। भगवान गणेश की प्रतिमा को सुबह ग्यारह बजे के करीब सेलाकुई मुख्य बाजार से वाहन में लाया गया। यहां से भगवान गणेश के जयघोष लगाते हुए प्रतिमा को मंदिर तक ले जाया गया। मंदिर के पुजारी ने पूजा कर गणेश प्रतिमा को विराजमान किया। इस दौरान पूरा पंडाल गणपति बप्पा मौरेया के जयघोष से गूंजता रहा। गणपति मूर्ति स्थापना को लेकर ग्रामीणों में सुबह से ही खासा उत्साह दिखाई दिया। मंदिर में सुबह से ही भगवान गणेश की पूजा–अर्चना का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। भगवान को चोला चढ़ाया गया, उनके श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण कराए गए। जिसके बाद सवा कुंतल लड्डुओं का भोग लगाया गया। इस दौरान महंत राहुल थापा, गजेंद्र थापा, सुखदेव सिंह फर्सवाण, राम सिंह थापा, गंगा थापा, जमुना थापा, पूनम, शालू, नीलू आदि मौजूद रहे।

### अध्यक्ष पद पर हो सकता त्रिकोणीय मुकाबला

ऋषिकेश। छह सितंबर को होने वाले डोईवाला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2025–26 के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर दो–दो, कोषाध्यक्ष, सहसचिव और ऑडिटर पद के लिए एक–एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र खरीदा है। शुक्रवार को डोईवाला तहसील में बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जिसके तहत अध्यक्ष पद पर मौजूदा अध्यक्ष अजय बहुगुणा, सुनील शर्मा और विनोद गुसाईं ने नामांकन पत्र खरीदकर अपनी दावेदारी मजबूत की है। उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और पुस्तकालय अध्यक्ष पदों पर दो–दो प्रत्याशियों ने नामांकन खरीदा है। वहीं कोषाध्यक्ष, सहसचिव और ऑडिटर पद के लिए एक–एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र लिया है। ऐसे में इन पदों पर निर्विरोध चुने जाने की स्थिति बन सकती है। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रदेव बहुगुणा और अधिवक्ता दिनेश पैन्युली ने कहा कि 30 अगस्त यानी शनिवार को नामांकन दाखिल होंगे। 31 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 1 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी।

# पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए मिलकर करेगें काम

नई टिहरी : जिलेभर में प्रमुख, ज्येष्ठ, कनिष्ठ प्रमुख से लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ लेते हुए पंचायतों के विकास से लेकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सतत विकास लक्ष्यों को भी हासिल करने के लिए काम किया जाएगा। जाखणीधार विकासखंड में नवनिर्वाचित प्रमुख राजेश नौटियाल, ज्येष्ठ प्रमुख त्रिलोक बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख कीर्ति सिंह पंवार को प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी स्नेहिल कुंवर सिंह ने शपथ दिलाई। इसके बाद प्रमुख राजेश नौटियाल ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाते हुए मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, दायित्वधारी सुभाष बर्थवाल, निवर्तमान प्रमुख सुनीता देवी, डीसीबी के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष रमोला, पूर्व प्रमुख अनीता कंडियाल, बेबी असवाल, जगदंबा रतूड़ी, मस्ता सिंह नेगी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि पंचायतों के विकास के लिए आपसी समन्वय बनाकर काम करें। प्रतापगनर में नवनिर्वाचित प्रमुख मनीषा पंवार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रकाश रमोला, कनिष्ठ प्रमुख विशन सिंह रांगड़ समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पीडी डीआरडीए ने शपथ दिलाई। दायित्वधारी गीता रावत, पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार, निवर्तमान प्रमुख प्रदीप रमोला, रोशन लाल सेमवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ आदि ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। चंबा की नवनिर्वाचित प्रमुख सुमन सजवाण, ज्येष्ठ प्रमुख संजय मैठाणी, कनिष्ठ प्रमुख सरोज मखलोगा समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को डीएसटीओ साक्षी शर्मा ने शपथ दिलाई। विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, दायित्वधारी वीरेंद्र सेमवाल, नगर पालिकाध्यक्ष शोभनी धनोला, निवर्तमान प्रमुख शिवानी बिष्ट, आनंदी नेगी आदि ने शुभकामनाएं देते हुए पंचायतों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। भिलंगना के नवनिर्वाचित प्रमुख राजीव कंडारी, ज्येष्ठ प्रमुख प्यार सिंह बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख कृष्णा गैरोला सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को लघु सिंचाई के ईई बृजेश गुप्ता ने शपथ दिलाई। विधायक शक्ति लाल शाह, पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, निवर्तमान प्रमुख बसुमति घणाता, पूर्व दायित्वधारी अतर सिंह तोमर, अब्बल सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोविंद सिंह राणा, रजनीकांत सुरीरा आदि ने शुभकामनाएं देते हुए गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत बताई। नरेंद्रनगर की नवनिर्वाचित प्रमुख दीक्षा राणा, ज्येष्ठ प्रमुख गीता देवी, कनिष्ठ प्रमुख कल्पना देवी समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को एसडीएम आशीष घिल्डियाल ने शपथ दिलाई। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पंचायतों के विकास के लिए सरकार के ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। जौनपुर में नवनिर्वाचित प्रमुख सीता रावत, ज्येष्ठ उपप्रमुख जयकृष्ण उनियाल, कनिष्ठ प्रमुख मंजू पंवार समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यों को को एसडीएम मंजू राजपूत ने शपथ दिलाई। थौलधार में नवनिर्वाचित प्रमुख सुरेंद्र सिंह भंडारी, ज्येष्ठ प्रमुख सुनीता राणा, कनिष्ठ प्रमुख सविता बनाली और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को डीडीओ मो. असलम ने शपथ दिलाई। विधायक प्रीतम सिंह, निवर्तमान प्रमुख प्रभा बिष्ट, पूर्व प्रमुख जोत सिंह बिष्ट, खेम सिंह चौहान, रजनी सजवाण, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल आदि ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। देवप्रयाग के नवनिर्वाचित प्रमुख विनोद बिष्ट समेत अन्य पदाधिकारियों को जिला कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी ने शपथ दिलाई।

# परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू रहेगी

हरिद्वार। प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार मनीष कुमार ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 31 अगस्त 2025 रविवार को आयोजित होने वाली उत्तराखंड न्यायिक सिविल सेवा न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा–2023 (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा एकाकी पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 01:00 बजे तक जनपद हरिद्वार के 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी है। केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शिता, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस –पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की जाती है। परीक्षा 10 केंद्रों में आयोजित होगी जिसमेंपरीक्षा भवन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार,ज्वालापुर इंटरकॉलेज निकट रेलवे स्टेशन ज्वालापुर, पी एम.जी.जी.आई.सी ज्वालापुर निकट रेलवे फाटक ज्वालापुर, आनंदमयी सेवा सदन एम.एम.आई कॉलेज भोलगिरी रोड निकट मायादेवी मंदिर, सरस्वती विद्यामंदिर इंटरकॉलेज मायापुर हरिद्वार, डॉ. हरिराम इंटरकॉलेज मायापुर हरिद्वार, शांति मैमोरियल पब्लिक स्कूल लक्सर रोड़ जगजीतपुर, श्री गुरू रामराय पब्लिक स्कूल लक्सर रोड़ जगजीतपुर, राष्ट्रीय इंटरकॉलेज सीतापुर ज्वालापुर, धूम सिंह मैमोरियल पब्लिक स्कूल सीतापुर ज्वालापुर हरिद्वार में आयोजित होगी। मनीष कुमार प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार ने अवगत कराया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 (पूर्व धारा 144 द. प्र.संहिता–1973) के प्राविधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा पारित की जाती है। उन्होंने हरिद्वार नगर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों के आस–पास की 200 मीटर की सीमा के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा अपर जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा उनके पूर्वानुमति के बिना पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे ।

### 40वें नेत्रदान पखवाड़े के तहत हुई कला प्रतियोगिता आयोजित

ऋषिकेश। जातीराम अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में 40वें नेत्रदान पखवाड़े के तहत शुक्रवार को कला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें हर्षिता ने प्रथम, रघुनंदन ने द्वितीय और जीविका प्रजापति और साक्षी नेगी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य गुरु प्रसाद उनियाल और मोहन फाउंडेशन के सदस्य संचित अरोड़ा ने किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र–छात्राओं में प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न होता है, जो उनके लिए जरूरी है। संचित अरोड़ा ने छात्र–छात्राओं को अंगदान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विद्यालय के उपाध्यक्ष गोपाल नारंग ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नेत्रदान और अंगदान के प्रति जागरूक करना और समाज में जागरूकता लाना है। पर्यावरणविद् हेमंत कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से भैया–बहनों में जागरूकता का संदेश जाता है। इस दौरान प्रतियोगिता में 48 छात्र छात्राओं ने पोस्टर बनाकर लोगों को नेत्रदान और अंगदान करने का संदेश दिया।

# कालसी–चकराता मोटर मार्ग जजरेड़ में मलबा आने से 15 घंटे बंद रहा

विकासनगर। जौनसार बावर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर गुरुवार रात साढ़े आठ बजे से 15 घंटे तक यातायात ठप रहा। भारी बारिश के कारण गुरुवार रात से ही जजरेड़ भू स्खलन जोन में मलबा और बोल्डर आने शुरू हो गया था। आधा घंटे बाद ही मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। यातायात ठप होने से जौनसार के दो सौ गांवों के किसान परेशान रहे। शुक्रवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे मार्ग पर यातायात बहाल होने के बाद किसान अपनी नगदी फसलें लेकर मंडी को रवाना हुए। इसके साथ ही क्षेत्र के आठ अन्य ग्रामीण मार्गों पर भी यातायात ठप रहा। गुरुवार शाम सात बजे से बारिश शुरू होते ही जजरेड़ भूस्खलन जोन में मलबा गिरना शुरू हो गया था। हालांकि साढ़े आठ बजे तक यातायात रुक रुक चलता रहा, लेकिन रात साढ़े आठ बजे यातायात पूरी तरह बंद हो गया। भारी बारिश के कारण रात में मार्ग से मलबा हटाना संभव नहीं हो पाया। मुख्य मार्ग पर यातायात ठप होने के कारण सुबह चार बजे से ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। कई गांवों से किसान अपनी नगदी फसलों को लेकर मंडी जा रहे थे। समय पर मार्ग नहीं खुलने के कारण कई काश्तकार आधे रास्ते से ही वापस लौट गए। सुबह विकासनगर से चकराता की और चकराता से विकासनगर की ओर जाने वाले वाहनों के पहिए भी थम गए। हालांकि मार्ग पर अधिक मलबा होने के चलते अधिकांश गाड़ी चालकों ने वाया नागथात होकर जाना उचित समझा। लेकिन, उसमें लोगों को अतिरिक्त सफर के साथ अधिक नुकसान भी झेलना पड़ा। सुबह भी लगातार बारिश जारी रहने के कारण मलबा हटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 11 बजे बारिश थमने के बाद जेसीबी से मलबा और बोल्डर हटाए गए, जिससे 11.30 बजे यातायात बहाल हुआ। मार्ग पर फंसे काश्तकार इंदर सिंह, आनंद सिंह, रघुवीर चौहान, भूपाल सिंह ने बताया कि जजरेड़ में मलबे से निजात दिलाने के नाम पर लोनिवि करोड़ों रुपये खर्च कर चुका है। लेकिन, स्थिति जस की तस है।

# डीएम दीक्षित ने दिए संबंधित अधिकारियों को जलभराव क्षेत्रों से जल निकासी के निर्देश

हरिद्वार। जनपद में भारी वर्षा के मद्देनजर जलभराव क्षेत्रों में आमजन को परेशानी न हो,इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा संबंधित अधिकारियों को जलभराव क्षेत्रों से जल निकासी के निर्देश दिए गए है तथा संबंधित विभागों द्वारा जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी न होने पाए।

अधिशासी अभियंता जल निगम ने अवगत कराया कि भगत सिंह चौक,चंद्राचार्य चौक हो रहे जल भराव की निकासी के लिए पंप के माध्यम से जल निकासी के कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही सीसीआर के



पास,अलकनंदा एवं भागीरथी होटल के समीप हो रहे जलभराव की निकासी के लिए कार्य किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार ने अवगत कराया है कि कनखल संदेश नगर कॉलोनी में हो रहे रहे जलभराव की निकासी के लिए पंप के माध्यम से जल की निकासी की जा रही है।स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम डॉ गंभीर तेलियान ने अवगत कराया है कि नगर क्षेत्र में जिन स्थानों पर जल भराव की स्थिति हो रही है वह पर जल निकासी का कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि विष्णु घाट सब्जी मंडी एवं मनसा देवी चौक (ब्रह्मपुरी) के पास भरी वर्षा के कारण मलबा मार्ग पर आ गया है जिससे साफ़ करने का कार्य किया जा रहा है । जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है, भारी वर्षा से किसी भी प्रकार की कोई क्षति होती है तो उसका आंकलन तत्परता से उपलब्ध करने के भी निर्देश दिए गए है ।

### नवनिर्वाचित ब्लॉक जनप्रतिनिधियों का हुआ शपथ ग्रहण

ऋषिकेश। डोईवाला में ब्लॉक के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी, ज्येष्ठ प्रमुख धनवीर सिंह बन्देवाल, कनिष्ठ प्रमुख बीना देवी और 37 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। डोईवाला उपजिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शुक्रवार को डोईवाला ब्लॉक सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सुखविंदर कौर, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुखविंदर कौर ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि डोईवाला ब्लॉक के विकास का एक नया अध्याय है। क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर यदि ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे तो आने वाले समय में यहां विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। हमारी जिम्मेदारी है कि जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। जिला पंचायत हर स्तर पर ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि आज के इस सामूहिक संकल्प से यह साफ है कि डोईवाला ब्लॉक विकास की दिशा में नई उड़ान भरेगा। गांव–गांव तक योजनाओं को पहुंचाना, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना ही हमारी प्राथमिकता होगी।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com